तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 अपने मौलिक कर्तव्यों व देश के कानून का पालन करने का प्रण लें ...





10 ओबीसी कल्याण आयोग के अध्यक्ष ...





## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केंद्र कठिया में लगा वॉटर कूलर

**बेमेतरा।** रांका के जनपद सदस्य सिद्दीक खान ने 15वें वित्त की



निधि से विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृति कराई है। इसके तहत धान खरीदी केंद्र सेवा सहकारी समिति कठिया में धान विक्रय करने वाले किसानों के लिए वॉटर कूलर और वॉटर फिल्टर जहां लगवाया गया है। वहीं जनपद क्षेत्र के ग्राम पेंड्री और तिरैया में सोलर लाइट की स्थापना की गई है। साथ ही आंगनबाड़ी रांका में भी वॉटर कूलर और वॉटर फिल्टर की स्वीकृति प्रदान की गई है। जनपद सदस्य सिद्दिक खान ने बताया कि कुरूद में बोर खनन और मोटर पंप के लिए एक लाख रुपए की स्वीकृति की गई है, जिसका भी शीघ्र क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया चालू है। इसके साथ ही सिद्दीक खान ने जनपद क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में अपनी 15 वें वित्त की निधि से जरूरत की जन हितैषी सामग्रियों का वितरण भी इसके पूर्व में कराया है। मुस्लिम समाज कब्रिस्तान में और रवेली, कुरूद तथा झलमला में भी सोलर लाइट की स्थापना जनपद सदस्य ने अपनी जनपद निधि से कराई है।

### मोहभट्ठा स्कूल में जीर्णोद्धार के नाम पर लीपापोती



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मोहभट्ठा का जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। जिसमें आरईएस विभाग की लापरवाही सामने नजर आ रही है। ग्रामीणजनों ने बताया कि शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मोहभट्ठा का जीर्णोद्धार का कार्य स्कूल जतन योजना के अंतर्गत किया गया। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा सूचना बोर्ड लेखन पट्टिका में स्वीकृत राशि एवं कार्य पूर्ण तिथि लिखना भूल गए या फिर प्रदर्शित करना नहीं चाहते। वहीं, सूचना बोर्ड लेखन पट्टिका में काट-छांट की गई। इसके अलावा जर्जर स्कूल का डिस्मेंटल का कार्य लगभग एक से डेढ़ साल को हो गए, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य अधूरा के अधूरा है। वर्तमान में विभाग की कार्यशैली से स्कूली शिक्षा में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, जिससे क्षेत्र में नाराजगी जताई जा रही है। इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा कार्यपालन अभियंता महाजन बाँधड़े से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने पर कोई जवाब नहीं मिला।

### पत्नी ने स्वयं को समिति सदस्य बनाने की मांग की

**बालोद।** ग्राम बड़गांव निवासी तुलसी निषाद ने प्रगति मछुवारा समिति बड़गांव में उनके पति स्व. रामजी के स्थान पर स्वयं को



सदस्य बनाने का आग्रह करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि उनके पति स्व. रामजी आत्मज अर्जुन सिंह प्रगति मछुवारा समिति बड़गांव में सदस्य थे। उनकी 5 सितंबर 2023 को मृत्यु हो गई है। वह पत्नी होने नाते वह नामिनी व वैध उत्तराधिकारी हैं, इसलिए उन्हें उनके पति के स्थान पर समिति का सदस्य बनाया जाए।

### शासकीय भूमि के सीमांकन की मांग की

**बालोद।** ग्राम पाररास के ग्रामीणों ने पाररास पटवारी हल्का 30 के मुक्तिधाम एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के शासकीय भूमि की जांच व सीमांकन के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

## चुनाव : कलेक्टर शर्मा ने जारी किया नियुक्ति आदेश

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां हुई तेज रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने आदेश जारी कर जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्र के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। जिला पंचायत के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर होंगे एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल तथा एसडीएम बेमेतरा दिव्या पोटाई सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे।

जारी आदेश के अनुसार इसी प्रकार सम्पूर्ण जनपद पंचायत क्षेत्र जिसमे जनपद पंचायत बेमेतरा के रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार बेमेतरा परमानन्द बंजारे तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायाब तहसीलदार राजाराम लहरे तथा जनपद सीईओ बेमेतरा नवीन कुमार । जनपद पंचायत बेरला के रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार बेरला शुभाष शुक्ला तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायाब तहसीलदार जयंत पतले तथा जनपद सीईओ बेरला जागेंद्र साहू। जनपद पंचायत साजा के रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार साजा उइशयानी के मानकर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायाब तहसीलदार थानखम्हरीय प्रकाश यादव तथा जनपद सीईओ साजा प्रकाश मेश्राम । जनपद पंचायत नवागढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार नवागढ़ विनोद बंजारे तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायाब तहसीलदार नवागढ़ सुमित देवांगन तथा जनपद सीईओ नवागढ़ सनत महादेवा होंगे।

### इन्हें मिली नगर पालिका एवं नगर पंचायत की जिम्मेदारी

इसी प्रकार कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों के लिए भी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद बेमेतरा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम बेमेतरा दिव्या पोटाई तथा सीएमओ बेमेतरा कोमल ठाकुर। नगर पालिका परिषद बेरला के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम बेरला एवं सहायक



रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार तिवारी तथा सीएमओ बेरला लोकेश कुमार । नगर पालिका परिषद भिंभौरी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार शुभाष शुक्ला एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार तिवारी तथा सीएमओ बेरला निवास द्विवेदी । नगर पंचायत कुसमी रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार नांदघाट आशुतोष गुप्ता एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहायक अधीक्षक भू अभिलेख राधा कृष्ण घृतलहरे तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नथ्थूराम सोरी। नगर पंचायत दाढ़ी रिटर्निंग ऑफिसर सीताराम कंवर तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार चांदनी देवांगन तथा सीईओ दाढ़ी रमेश कुमत ध्रुव । नगर पंचायत नवागढ़ रिटर्निंग ऑफिसर मुकेश गोंड एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार सुमित देवांगन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत लोन्हारे । नगर पंचायत साजा रिटर्निंग ऑफिसर घनश्याम सिह तंवर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार प्रांजल प्रजापति तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा । नगर पंचायत थानम्खमरिया रिटर्निंग ऑफिसर उईस्यानी के मनहर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार प्रकाश यादव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल सिंह चौहान । नगर पंचायत देवकर रिटर्निंग ऑफिसर सरिता मंढरिया तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहायक अधीक्षक भू अभिलेख बीरेंद्र साहू तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू । नगर पंचायत परपौड़ी रिटर्निंग ऑफिसर के आर वासनिक तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम नत्नेश को बनाया गया है ।

# राईस मिल से 11280 क्विंटल धान और 2300 क्विंटल चावल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में लापरवाही पर की गई कार्रवाई

जिले में सीएमआर (कस्टम मिलिंग राइस) चावल जमा करने में राईस मिलरों की धीमी गति को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने बेरला विकासखंड के ग्राम अकोली स्थित मेसर्स राधेश्याम फूड्स राईस मिल पर आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान 2472.78 क्विंटल धान, जो कस्टम मिलिंग के लिए फर्म द्वारा उठाया गया था, कम पाया गया। यह छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके तहत फर्म में मौजूद 11280 क्विंटल धान और 2300 क्विंटल चावल जब्त कर लिया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसे फर्म की सुपुर्दगी में रखा गया है।

कलेक्टर ने प्रकरण दर्ज कर फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और भविष्य में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समय-सीमा के भीतर सीएमआर चावल जमा न करने वाले अन्य मिलरों पर भी लगातार जांच और कार्रवाई जारी है। प्रशासन की इस सख्ती से जिले के राईस मिलरों में हड़कंप मच गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि सरकारी नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे, ताकि चावल उपार्जन प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

**मांग, शिकायत और समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन मिले**

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




आम नागरिकों की मांग, शिकायत और समस्याओं के निराकरण करने जिला कार्यालय कलेक्टोरेट के दृष्टि-सभाकक्ष में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दूर-दराज के गांव से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और नियमानुसार निराकरण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में 29 आवेदन आम नागरिकों के द्वारा कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। ग्राम चमारी निवासी हुकुम राम ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का मकान बनाने हेतु आबादी भूमि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। सनत कुमार वैष्णव ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन दिया। ग्राम नवागांव निवासी भूपेन्द्र कुमार ने फसल क्षति का मुआवजा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम मेहना निवासी देवसिंह देशलहरे ने भुईंया पोर्टल में ऑनलाइन रिकार्ड दुरुस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम नवकेशा के महिला स्वसहायता समूह ने सोसायटी में रखे सामग्री को हटाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम खिलोरा निवासी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# बच्चे बाहर खेलते व शिक्षक कार्यालय में मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सहायक संचालक सहित अधिकारियों ने मोहभट्ठा स्कूल का किया औचक निरीक्षण

मंगलवार को उड़नदस्ता ने बेरला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहभट्ठा और साजा विकास खण्ड के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में सहायक संचालक एस पी कोशले, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू व अनुराधा साहू शामिल थे। टीम सुबह 10:30 बजे विकासखंड बेरला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहभट्ठा पहुंची। निरीक्षण के समय और पीरियड के दौरान शाला के बच्चे बाहर घूमते हुए तथा सभी व्याख्याता आफिस में मिले। इस पर सहायक संचालक ने स्टॉफ को फटकार लगाई। शाला में अंग्रेजी विषय के व्याख्याता होते हुए भी अंग्रेजी विषय की पढ़ाई पूरी तरह ठप है। शाला के बच्चों को पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां अंग्रेजी विषय की पढ़ाई बिल्कुल नहीं हो रही है और पूरी तरह ठप है। अंग्रेजी विषय के व्याख्याता चिंतामणी वर्मा के रहते हुए भी पढ़ाई न होने की यह बात बच्चों से सुनकर सहायक संचालक द्वारा संबंधित शिक्षक को, स्टॉफ को ▶▶| शेष पेज 11 पर



### ओपन स्कूल परीक्षा का किया निरीक्षण

उसके बाद सहायक संचालक एस पी कोशले की टीम ने बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा में चल रहे ओपन बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा में दसवीं कक्षा में 13 विद्यार्थियों में से 12 उपस्थित, बारहवीं कक्षा में 15 में से 14 उपस्थित थे। इतिहास विषय की परीक्षा चल रही थी। केंद्राध्यक्ष अजय कुमार शर्मा है। परीक्षा दो कमरों में संचालित की जा रही है। इसमें चार पर्यविक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें किसी भी प्रकार की कोई नकल प्रकरण नहीं पाया गया तथा परीक्षा शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से नियमानुसार संचालन की जा रही है।

### बाइक मरम्मत की रकम मांगने पर विवाद, मारपीट

**बालोद।** बाइक की मरम्मत के बाद पैसे के लेन-देन को लेकर बाइक मिस्त्री और बाइक मालिक के बीच मारपीट हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक की मरम्मत के बाद मैकेनिक ने बाइक में हुए कार्य कार्य के 1100 रुपये मालिक से मांगे। इस पर दोनों में विवाद हो गया। मामले में डौंडी थाने में शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर जाँच की जा रही है। शिकायतकर्ता मंगल प्रसाद साहू ने बताया कि व ग्राम कांड़े थाना–डौण्डी का रहने वाला है। ग्राम पिच्चेटोला में साहू आटो सेंटर में 24 नवंबर को शाम करीब 5 बजे ग्राम दमकसा निवासी मानेष कुमार दुग्गा मेरी दुकान में अपनी मोटर सायकल को बनवाने आया था। मैं बोला कि मोटर सायकल में इंजन का काम है, कल तक बनाकर दे दूंगा। फिर वह अपनी मोटर सायकल को दुकान में छोड़कर चला गया। अगले दिन 25 नवंबर को सुबह लगभग 10 मानेष कुमार अपने भाई सुरज कुमार दुग्गा के साथ दुकान पर आया। मैं उनकी गाड़ी बना रहा था। करीब शाम 5 बजे मैं उनको बताया कि गाड़ी में बहुत ज्यादा परेशानी है, इंजन का काम करना पड़ेगा।

# कुसमी पहुंचे विधायक दीपेश, सुनी नागरिकों की समस्या




**बेमेतरा।** जनता की सुविधा और समृद्ध बेमेतरा के संकल्प के साथ विधायक दीपेश साहू द्वारा बेमेतरा विधानसभा के नगर पंचायत कुसमी पहुंचे। वहां जोहार भेंट मुलाक़ात तुंहर सेवक, तुंहर द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उन्होंने नगर पंचायत कुसमी का दौरा किया और लोगों से भेंट मुलाकात की।इस दौरान नगर पंचायत के आमजनों, वरिष्ठ नागरिकों कार्यकर्ताओ, जनप्रतिनिधियों से मिलकर सुझाव व विकास को लेकर चर्चा किए एवं नगरवासियों ने कुछ समस्याएं और मांगें रखीं, जिसके लिए विधायक दीपेश साहू ने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया। भेंट मुलाक़ात में आमजनों ने प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, जल जीवन मिशन की कनेक्शन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, दिसम्बर मे होने वाले सतनामी समाज की प्रमुख त्यौहार गुरु घांसीदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की मांग की, जिन्हें विधायक साहू ने जल्द कराने का आश्वासन दिया।

### लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

भारतीय जनता पार्टी की सरकार मे मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन वाली सरकार विधायक दीपेश साहू के कामों से प्रभावित होकर नगर पंचायत कुसमी के लोगों ने भाजपा का दामन थामा, जिन्हें विधायक साहू ने भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम से हमारा मुख्य उद्देश जनता से सीधे संवाद और क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को जानना है ताकि उसका सही समय पर उचित निराकरण हो सकते और जनता की समस्याओं के समाधान के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो सके। उन्हों ने कहा कि हमें पूरा ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कलश यात्रा के साथ हुई श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

नगर के कुम्हार पारा वार्ड क्रमांक 8 में श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथा स्थल से दाऊचौरा, जयस्तंभ चौक, मुख्य मार्ग से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची।

कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। कलश यात्रा का आयोजन पूर्ण धार्मिक विधि विधान से किया गया। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कलश यात्रा के साथ धमाल बाजा, डीजे भक्ति में भजन स्वर , लहरिया बिखरते हुए। डीजे से चल रहा था। भेट वार्ता के दौरान कथा व्यास श्री हलधर प्रसाद शर्मा ने बताया, जो भी भक्ति पूर्वक भागवत कथा का व वाचन करता है, उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव, ब्रह्मा, विष्णु, महेश के साथ-साथ 33 कोटी देवी, देवताओं स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। आगे महाराज जी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## नवागढ़ में गणेश मंदिर के पास श्रीमद् भागवत कथा जारी

# श्रीकृष्णा-रुक्मणी विवाह प्रसंग पर सुंदर झांकी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़





नगर के मध्य बीच पारा गणेश मंदिर के पास प्रभातफेरी समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को कथा व्यास पंडित प्रतीक चौबे ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणी के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती हैं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो बहुत प्रभावित हुईं और मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। लरुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। इसीलिए श्रीकृष्ण ने हरण कर रुक्मणी से विवाह किया। कथा व्यास के मुख से विवाह का विस्तार वर्णन सुनकर श्रद्धालु गदगद हो उठे। इस बीच कथा में सहयोग करने वाले सर्व समाज के प्रमुखों का सम्मान भी किया गया।

**यहां का प्रत्येक धार्मिक आयोजन की भव्यता अद्भुत : दीवानः** नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान ने कहा कि नवागढ़ पुराने समय से धर्मनगरी के रूप जाना जाता रहा है। नवागढ़ में हमारी सामाजिक एकता के चलते नवरात्रि, दशहरा, जन्माष्टमी, दहिलूट, गौरी-गौरा, भोजली, श्रीमद्भागवत, नवधा का आयोजन भव्य रूप से होता आ रहा है। नगर में कुछ बाहरी हिंदू समाज के आयोजनों को विवादित करने की कोशिश में लगे है, हम सब हिंदुओ को एक होकर सुधारना होगा।

उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए भविष्य में कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने में हर यथासंभव सहयोग देने की बात कही। कथा स्थल में अशोक शर्मा, मिंटू बिसेन, चंद्रपाल साहू, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, सुरेश निषाद, गुरमीत सिंह, लक्ष्मीचंद जैन, चिंतावन पूरी, धनीराम निर्मलकर, दिव्यम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### जिले में अब तक 64109 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत रायपुर जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 139 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 15,578 किसानों से 64109 टन धान खरीदा गया। इस खरीदी में अब तक 147 करोड़ 61 लाख रूपए राशि की धान खरीदी गई। उल्लेखनीय है कि जिले में धान की खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में सहायता मिल रही है। किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस बार की खरीदी प्रक्रिया में किसानों का विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन में सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 43 आवेदन आए है। कलेक्टर ने इन आवेदनों के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे भी उपस्थित थे।

### प्रोफेसर मारोठिया फिर से बने आईएसएई के अध्यक्ष

**रायपुर।** कृषि और प्राकृतिक संसाधन अर्थशास्त्र के एक प्रमुख विशेषज्ञ प्रोफेसर दिनेश मारोठिया को इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स (आईएसएई) का निर्विरोध अध्यक्ष दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः चुना गया है। आईएसएई एक प्रतिष्ठित संगठन है, जिसकी स्थापना 1939 में की गई थी। चुनाव हाल ही में संपन्न 84वें आईएसएई वार्षिक सम्मेलन में हुआ, जो पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कराईकल पुडुचेरी में आयोजित हुआ था। वे अपने पहले कार्यकाल के दौरान प्रोफेसर मारोठिया ने महत्वपूर्ण सुधार लागू किए, जिनसे आईएसएई की पत्रिका की गुणवत्ता में सुधार हुआ, वैश्विक प्रकाशनों के अवसर बने, जीवन सदस्यता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी को बढ़ावा मिला। उनके नेतृत्व में आईएसएई ने वित्तीय घाटे से उबरकर वित्तीय स्थिति को लाभ में बदला।

### खंबों पर नहीं लगाई स्ट्रीट लाइट, विधायक से की शिकायत



**रायपुर।** स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के रहवासियों ने संयुक्त हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही सोमवार को विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात की और अपनी समसयाओं से अवगत कराया। इसी दौरान उन्होंने बताया कि जोरा के कैनाल रोड पर एक दुर्गा मंदिर से लेकर दूसरे दुर्गा मंदिर चौक साहूपारा से होते हुए नवनिर्मित बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक अनेक बिजली के खंबों पर आज तक नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है. विधायक ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित जोन कमिश्नर को प्रभावित क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कॉल किया। साथ ही लिखित में भी समुचित दिशा-निर्देश दिए।

# महिला से धोखेबाजी, कार हथिया ली और मकान की पॉवर ऑफ अटार्नी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाने में एक व्यक्ति ने अपने वकील के खिलाफ जमानत दिलाने का झांसा देकर उसकी पत्नी से कार अपने नाम ट्रांसफर कराने सहित मकान की पॉवर ऑफ अटार्नी लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में शिकायत दर्ज कराने वाला प्रार्थी ठगी के आरोप में पूर्व में जेल में बंद था। इस दौरान वकील ने आरोपी की पत्नी को झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाया।

पुलिस के मुताबिक अनिल कुमार वर्मा की शिकायत पर वकील मोहम्मद सुल्तान अहमद निजामी तथा आरटीओ एजेंट मोहम्मद परवेज के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 तथा 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। अनिल ने पुलिस को बताया है कि निजामी ने कूटरचित फर्जी हस्ताक्षर कराकर उसकी कार एमजी हेक्टर अपने नाम कराने के साथ मकान बिक्री करने पॉवर ऑफ अटार्नी हासिल की है।

## जमानत दिलाने का झांसा देकर वकील ने महिला से दस्तावेजों में हस्ताक्षर कराया

### वकील ने परेशान महिला को झांसे में लिया

अनिल ने पुलिस को बताया है कि दोनों पति पत्नी जेल में बंद थे। इस दौरान उसकी पत्नी को किसी अन्य वकील के माध्यम से जमानत मिली। जमानत मिलने के बाद महिला अपने पति को जेल से छुड़ाने कोर्ट पहुंची। न्यायलयीन प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने की वजह से अनिल की पत्नी परेशान थी। इस दौरान महिला की मुलाकात निजामी से हुई। निजामी ने महिला को उसके पति को जेल से छुड़ाने का झांसा दिया और विभिन्न दस्तावेजों में उसके हस्ताक्षर कराकर वकील ने दस्तावेज अपने पास रख लिया।




*साक्ष्य का परीक्षण करने के बाद गिरफ्तारी : अनिल वर्मा की शिकायत पर वकील के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों के बयान लेने तथा प्रार्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य का परीक्षण करने के बाद जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। - एसएन सिंह, टीआई खमतराई*

### कार की बकाया लोन की राशि जमा कराया

महिला ने पुलिस को बताया है कि निजामी ने धोखे से कार अपने नाम ट्रांसफर कराने जिन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए थे, इस संबंध में निजामी ने महिला से कार का बकाया लोन के संबंध में जानकारी हासिल की। लोन की बकाया राशि के बारे में जानकारी देने पर निजामी महिला को अपने साथ एचडीएफसी बैंक लेकर गया और महिला को उसकी कार का लोन सेटलमेंट कराने का झांसा दिया तथा कार के बकाया 14 लाख रुपए में से आठ लाख रुपए लोन का जमा कराया।

### ठगी का ऐसे हुआ भंडाफोड़

अनिल ने पुलिस को बताया है कि हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर वह अपनी पत्नी के साथ निजामी से मिलने जाता था। इस दौरान अनिल ने जमानत संबंधित दस्तावेज की निजामी से मांग की। दस्तावेज मांगे जाने पर निजामी अनिल तथा उसकी पत्नी के साथ टाल मटोल करने लगा। दबाव बनाने पर निजामी ने एक कागज अनिल को दिया। इस पर अनिल वह कागज एक अन्य वकील के पास लेकर गया, तो उस वकील ने उक्त कागज को किसी को मकान बेचने पॉवर ऑफ अटार्नी देने के जानकारी दी, तब अनिल को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। साथ ही अनिल को निजामी द्वारा अपना मकान किसी राजेश रेलवानी के माध्यम से किसी अन्य को बेचे जाने की जानकारी मिली।

## बैठक

### परख सर्वे 2024 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संयुक्त संचालक दुर्ग ने ली बैठक

# परख सर्वेक्षण में सिर्फ बच्चों का ही नहीं, हम सबका परीक्षण होना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- राष्ट्रीय स्तर पर 4 दिसंबर को होना है परख सर्वेक्षण का आयोजन

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परख सर्वेक्षण 2024 के बेहतर और सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के संबंध में जिले के सभी 92 स्कूलों के संस्था प्रमुखों और फील्ड इन्वेस्टिगेटर और संबंधित संकुल समन्वयकों की एक अति आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर, जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एस पी कोशले, जिले के नोडल अधिकारी थलज कुमार साहू और राजकुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार परख सर्वेक्षण 2024 के लिए बड़े व्यापक पैमाने पर तैयारी की जा रही है। इसके लिए तीन चरणों में मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। अभी हम लोग गुणवत्ता की दृष्टि से ग्रेड डी में है। प्रदेश में भी हमारी स्थित अच्छी नहीं है। हम सबको इस शिक्षा के गुणवत्ता को बहुत ऊपर उठाना है। बच्चे परीक्षा में बैठते हैं लेकिन उसे परीक्षा के लिए तैयार करने वाले हम ही हैं।

तो हम सब शिक्षक भी अभी डी ग्रेड में है। पहले की अपेक्षा इस बार तैयारी बहुत जोर-शोर से हो रही है, तो इसका अपेक्षित परिणाम भी आना चाहिए। अभी 29 नवंबर को एक और मॉक टेस्ट होना है। बच्चों को बताना है कि वे सभी प्रश्नों को हल करें। अभी जो मॉक टेस्ट हो रहा है वह राज्य स्तर का है, लेकिन 4 दिसंबर को होने वाला परीक्षा पूरे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगा। उस दिन विद्यालय में परख सर्वेक्षण के अतिरिक्त कोई अन्य गतिविधियों का संचालन नहीं होगा। यह परख सर्वेक्षण सिर्फ बच्चों का ही नहीं है हम सबका परीक्षण होना है। परख सिर्फ बच्चों का ही नहीं, हम सब का भी परख है। मूल्यांकन है। हमारी तैयारी कैसी है, हमारी मेहनत कितनी है, इसे को परखना है। बच्चों की दक्षता को जानना है।

**परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं, पूरे प्रश्न हल करें बच्चे:** श्री ठाकुर ने कहा कि अब जब स्कूल चिन्हांकित हो गया है, तो इसकी तैयारी भी अच्छी होनी चाहिए। कक्षा में बच्चों और संस्था प्रमुख सहित पूरे स्टाफ की उपस्थिति भी अनिवार्य रहेगी। इस परीक्षा में कहीं पर भी नेगेटिव मार्किंग नहीं है, इसलिए बच्चों को सभी प्रश्नों को हल करने के लिए प्रेरित करें।




### डेढ़ व 2 घंटे की होगी परीक्षा

जिला नोडल अधिकारी परख थलज कुमार साहू ने कहा कि बच्चों को प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट दी जाएगी। कक्षा तीसरी और छठवीं के बच्चों के लिए परीक्षा के लिए 90 मिनट तथा कक्षा नवमी के लिए 120 मिनट का समय निर्धारित है। जबकि कक्षा तीसरी के लिए प्रश्नों की संख्या 45, कक्षा छठवीं के लिए प्रश्नों की संख्या 51 तथा कक्षा नवमी के लिए प्रश्नों की संख्या 60 होगी। बैठक को डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे, सहायक संचालक एसपी कोशले ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी सुनील झा, एपीसी भूपेंद्र साहू, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य संतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से चेतन बंजारे, सेजेस कन्या स्कूल बेमेतरा के प्राचार्य कविता बाजपेयी, सहित चयनित सभी 92 स्कूलों के संस्था प्रमुख, सीएससी और डाइट बेमेतरा के फील्ड इन्वेस्टिगेटर उपस्थित थे।

# कैशलेस हास्पिटल में उत्सव की तरह मनाया गया श्री सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सात छोटे बच्चों की सर्जरी, अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रम

नवा रायपुर स्थित कैशलेस हास्पिटल में श्री सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर की आकर्षक साज-सज्जा के साथ विभिन्न आयोजन किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर सात छोटे बच्चों की सर्जरी कर उन्हें नए जीवन का उपहार दिया गया।

इस अवसर पर श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल और सौभाग्यम को रोशनी, फूलों, गुब्बारों और बड़े आकार की रंगोलियों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5 बजे मेडिटेशन हॉल में ओंकारम और सुप्रभातम के बाद नगर संकीर्तनम के साथ हुआ। स्टाफ सदस्य और मरीज के परिचारक साईं बाबा के भजन गाते हुए अस्पताल परिसर में भ्रमण करते रहे। विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने श्री रामचरितमानस का पाठ किया। स्टाफ सदस्यों ने हवन में भाग लिया। इस दौरान आयोजित जीवन के विशेष उपहार कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने नारियल फोड़कर ग्राम सेवा हेतु वाहनों को संकेत दिया। श्रमिक बस्ती में 300 सदस्यों को भोजन प्रसाद एवं वस्त्र वितरित किये गये। रायपुर के भक्तों और उनके परिवारों और आसपास के गांवों के 3500 लोगों ने सौभाग्यम का दौरा किया और दोपहर के भोजन का प्रसाद ग्रहण किया। नर्सिंग छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। शाम के कार्यक्रम की शुरुआत भजन और सार्वभौमिक प्रार्थना से हुई। सौभाग्यम के चारों ओर मिट्टी के दीपक जलाए गए। शानदार लेजर शो और आतिशबाजी के साथ जन्मदिन समारोह का समापन किया गया।

# युवा माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें : शर्मा

**खास बातें**

- समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने की अपील
- मुक्ति अभियान के तहत पदयात्रा आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि लोगों को नशे से दूर रहने और जागरूक करने नशा मुक्ति अभियान के तहत आज 27 नवंबर को पदयात्रा निकालें, वहीं बाल विवाह की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए भी कार्यक्रम आयोजित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी 15 से 29 वर्ष के युवा नागरिक माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। युवा नागरिकों के पास विभिन्न क्षेत्रों में अप्लाई करने का ऑप्शन है, जैसे कि प्रोफेशनल डेवलपमेंट, शिक्षा, आर्ट, लिटरेचर और सोशल सर्विसेज। सभी एजुकेशनल लेवल्स के युवा, हायर एजुकेशन के छात्र-छात्राएं, इस पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं। वे राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में भाग ले सकते हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

युवाओं के लिए सुनहरा मौका, स्किल से जॉब तक इस ऑनलाइन पोर्टल पर ढेरों फायदे हैं। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और स्किल्स को बेहतर करने के लिए सरकार की ओर से माय भारत प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से स्वयं व अपने बच्चों जो पात्र हैं, रजिस्ट्रेशन करने कहा।

कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण, अवैध शराब, मुरूम पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। साथ सड़क दुर्घटना रोकने एवं अनफिट वाहनों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने धान खरीदी की गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने रिहायसी इलाके में अवैध पटाका भंडारण पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल,ए डी एम प्रकाश भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित जिले के सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दिलाई संविधान की शपथ

कलक्ट्रेट में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों का पालन करते हुए संविधान का सम्मान करने और संविधान के अनुरूप नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। कहा कि हम सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञान करते हैं कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे।

# पथकर विक्रेताओं ने निकाली पदयात्रा, निगम मुख्यालय के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पथ विक्रेता कानून 2014 लागू करने की मांग को लेकर शहर के पथ विक्रेताओं ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फुटकर कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हाकर्स फेडरेशन और पथ विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों सहित एनआईटी, आयुर्वेदिक कालेज, साइंस कालेज और जीई रोड के स्ट्रीट वेंडर्स ने अनुपम गार्डन से निगम मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली और निगम मुख्यालय के सामने नारेबाजी कर निगम प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं के प्रति आकर्षित कराया। साथ ही उपायुक्त विनोद पांडे और अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता से मुलाकात की। अधिकारियों ने पथ विक्रेताओं के व्यवस्थापन की उचित व्यवस्था करने और जल्द बैठक करने का भरोसा दिलाया है। शहर में ठेले, गुमटियों के उचित व्यवस्थापन की व्यवस्था किये बिना नगर निगम पथ विक्रेताओं के समान जप्ती करने और ठेला गुमटियों को हटाने को लेकर स्ट्रीट वेंडरों ने राजधानी में गांधी सदन के सामने प्रदर्शन किया।

# नवागढ़ में होगी राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता, तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरू घासीदास बाबा जी की जयंती पर आगामी माह दिसंबर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन जिले के नवागढ़ में किया जाएगा। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में गुरू घासीदास जी की जयंती और राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता को आपसी प्रेम और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि पहले भी राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन नवागढ़ में किया जा चुका है, इस पंथी नृत्य को देखने छत्तीसगढ़ से ही नहीं देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं।



श्री बघेल ने राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता को लेकर आयोजित बैठक में कहा कि यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक आयोजित की जाएगी। अभी से प्रदेश के पंथी नृत्यक दलों को आमंत्रण देने का कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए। बैठक में प्रतियोगिता का स्वरूप, एवं आयोजन समिति, सुरक्षा समिति सहित अन्य व्यवस्था को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। श्री बघेल ने कहा कि कार्यक्रमों में समाज के प्रतिष्ठित लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के प्रतिष्ठित लोगों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आगामी माह दिसंबर में होने वाले पंथी प्रतियोगिता को भव्य स्वरूप में करने सबकी सहभागिता पर जोर दिया।

बैठक में समाज के प्रमुख ज्ञानदास रात्रे, विजय बघेल, मंजुलता रात्रे, प्रकाश भारती, टी.आर जनार्दन, राकेश चतुर्वेदी, सुरेश बंजारे, अलेन दास, लोकनाथ पांडे, धनलाल ध्रुव, कुमार मारकंडे, हेमलाल, गोकुल बंजारे, तरूण घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# अदालतों में जवाबदावा पेश करने वाले अफसर क्यों पेश नहीं हो रहे हैं महाधिवक्ता कार्यालय में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सरकार ने चेताया और दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

न्यायालयों में सरकार की ओर से जवाबदावा पेश करने की जिम्मेदारी जिन प्रभारी अधिकारी और नोडल अधिकारी की है, वे खुद महाधिवक्ता के समक्ष में पेश नहीं हो रहे हैं। यही नहीं, इन अधिकारियों की जगह दूसरे अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय में हाजिर हो रहे हैं। इस पूरे मामले सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। सरकार ने कहा है कि ऐसा करना भारतीय न्याय संहिता के विपरीत है। ऐसा कृत्य करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्त पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि राज्य शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि कतिपय विभाग में न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणो में जवाब दावा प्रस्तुत करने के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी, नोडल अधिकारी के स्थान पर संबंधित दस्तावेजों के साथ अन्य अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं। अब निर्देश दिया दया है कि न्यायालयों में प्रस्तुत होने वेला प्रकरणों में जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रकरण के प्रभारी अधिकारी ही महाधिवक्त कार्यालय में उपस्थित हों। इसके अलवा कतिपय विशेष प्रकरणों में प्रशासकीय विभाग में नियुक्त नोडल अधिकारी स्वयं प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य संपादित कर सकेंगे।



**राज्य में 16 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का किया गया था गठन**

# ओबीसी कल्याण आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल 2 साल के लिए बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के साथ अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष के लिए बढ़ गया है। इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है। यह आदेश 21 नवंबर को आदिम जाति, अनूसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में 16 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग का गठन त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के चुनाव के पूर्व प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण तय करने के लिए किया गया है। आयोग का गठन 3 महीने के लिए किया गया था। इसमें अध्यक्ष के अलावा सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। आयोग ने ओबीसी वर्ग का आरक्षण तय करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में ओबीसी वर्ग की शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के आंकड़ों की रिपोर्ट तैयार कराई है।




रिपोर्ट तैयार करने के बाद आयोग का कार्यकाल भी खत्म हो गया था, लेकिन अब आयोग का कार्यकाल 2 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इसी के साथ आयोग के अध्यक्ष सहित सदस्यों का कार्यकाल भी दो वर्ष के लिए बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप

### विधायक सोनी ने विस में जमा किए निर्वाचन प्रमाणपत्र



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में नवनिर्वाचित सदस्य सुनील कुमार सोनी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में विधानसभा संबंधी कार्यों के लिए आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति की एवं विधानसभा भवन स्थित शाखाओं द्वारा सम्पादित कार्यों तथा सदस्यों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की पूरी जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्वाचन प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किये। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा द्वारा श्री सोनी का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

### एमआईसी सदस्य ने किया मितानिनों का सम्मान



**रायपुर।** मितानिन दिवस के अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने मितानिनों का तिलक लगाकर स्वागत किया। और उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित किया। मितानिनों का हौसला बढ़ाने राजधानी के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर मितानिन दीदी का सम्मान करते हुए वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम के क्रियान्वयन में मितानिन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस मौके पर सावित्री साहू मीरा साहू लता गौतम राजेश्वरी सोरठे कृष्ण राव सोफिया, सलित बरमे प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

### डॉ. सोनी डी-लिट की उपाधि से सम्मानित

**रायपुर।** नगर निगम के सेवानिवृत्त अपर आयुक्त डॉ. जेआर सोनी को देशबड विश्वविद्यालय जाम्बिया अफ्रीका से मानद डी-लिट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। बाबा गुरु घासीदासजी के जीवन दर्शन पर आधारित ग्रंथ सतनाम रहस्य एवं वैश्विक सतनाम धर्म का स्वरूप तथा दर्शन ग्रंथ पर डी-लिट की उपाधि प्रदान की गई है। सितंबर माह में छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर द्वारा स्व. हरि ठाकुर सम्मान से भी उन्हें सम्मानित किया गया। श्री सोनी को उपाधि मिलने पर गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खंडे, सुंदरलाल जोगी, डीएस पात्रे, खेदूराम बंजारे, चेतन चंदेल आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### टाउनशिप में बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहत मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 25 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### हाउस लीज समिति की हुई बैठक

**भिलाई।** स्थाई बसाहट के लिए जारी आंदोलन हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की साप्ताहिक बैठक सेक्टर 2 में संपन्न हुई बैठक में पदाधिकारी ने बताया कि जन दर्शन के माध्यम से कलेक्टर से मिलकर पुनः 29 जुलाई के स्मरण पत्र सौंपकर जानकारी दी की पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर आज तक प्रबंधन ने कार्यवाही नहीं की । पीपी एक्ट के दुरुपयोग और पक्षपातपूर्ण कार्यवाही पूर्व कार्मिकों के खिलाफ निरंतर जारी है। समिति के संयोजक राजेंद्र परगनिहा के खिलाफ तोड़फोड़-बेदखली कार्यवाही पर उपस्थित सदस्यों ने विरोध किया । प्रवर्तन विभाग की मनमानियों पर शांतिपूर्ण आंदोलन को हर स्तर पर पहुंचने का संकल्प लिया। सभी ने कहा की मात्र प्रबंधन ने गैर जिम्मेदाराना तथा गैर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना ही प्रबंधन को तकलीफ देय लगता है ।

# मात्र 3400 विद्यालयों में होगा 'सरप्राइज टेस्ट' लेकिन मॉक टेस्ट प्रदेशभर में, क्योंकि केंद्र ने नहीं बताए स्कूलों के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


- सभी राज्यों में होगी यह परीक्षा, पिछली बार छग को मिला था 32वां स्थान

प्रदेशभर के निजी और सरकारी विद्यालयों में इन दिनों मॉक टेस्ट का दौर चल रहा है। ये मॉक टेस्ट किसी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए नहीं, बल्कि केंद्र द्वारा जारी की जाने वाली रैंकिंग में छग को अच्छे अंक दिलाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। दरअसल केंद्र सरकार द्वारा कुछ वर्षों के अंतराल में 'परख' नामक परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

## इस परीक्षा के आधार पर तय होगा नेशनल अचीवमेंट सर्वे में स्थान

### मिला था सबसे निचला पायदान

सर्वप्रथम नेशनल अचीवमेंट सर्वे 2012 में किया गया था। उस वक्त प्रदेश को 36वां स्थान मिला था। यह सबसे अंतिम पायदान था। इसके बाद प्रदेश में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया गया। इसके कारण बच्चों के प्रदर्शन में थोड़ा सुधार हुआ था। कुछ वर्षों बाद हुए सर्वे में छग को 17वां स्थान मिला। कोविड के बाद पुनः नेशनल अचीवमेंट सर्वे कराया गया। इसमें प्रदेश को 32वां स्थान मिला। अब एक बार फिर से परीक्षा होने जा रही है। इसमें बेहतर रैंक के लिए ही समग्र शिक्षा विभाग द्वारा मशक्कत की जा रही है। पहला मॉक टेस्ट 18 नंवबर को और दूसरा मॉक टेस्ट 25 नवंबर को लिया गया। अंतिम मॉक टेस्ट 29 नवंबर को होगा।



### केंद्र देगा ओएमआर शीट, आएंगे निरीक्षक

निजी स्कूलों को भी यह मॉक टेस्ट आयोजित करने कहा गया है। फिलहाल ब्लैकबोर्ड पर छात्रों को ओएमआर शीट बनाकर समझाया जा रहा है कि उन्हें किस तरह से इसे भरना है। मुख्य परीक्षा के दिन केंद्र द्वारा ओएमआर शीट दी जाएगी। छात्रों से बहुवैकल्पिक सवाल पूछे जाएंगे। किसी तरह की निगेटिव मार्किंग इसमें नहीं होगी। तीसरी, छठवीं और नवमी के विद्यार्थियों को इस परीक्षा में शामिल किया जाएगा। जिन स्कूल के विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल किया जाएगा, उनके नाम 24 से 48 घंट पहले ही बताए जाएंगे। निरीक्षण के लिए केंद्र से टीम आएगी।

यह परीक्षा पूरे देश के स्कूलों में आयोजित होती है। इसमें छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर राज्यों को रैंक दिया जाता है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे के अंतर्गत ये रैंक जारी होते हैं। इस बार यह परीक्षा 4 दिसंबर को होगी।

केंद्र सरकार राज्य के सभी स्कूलों में ये परीक्षाएं नहीं करवाता, बल्कि विभिन्न आधार पर विद्यालयों का चयन उनके द्वारा किया जाता है।अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इस बार प्रदेश के 52 हजार स्कूलों में से मात्र 3 हजार 400 विद्यालयों में ही ये परीक्षा केंद्र द्वारा ली जाएगी, लेकिन प्रदेश के सभी स्कूलों में इसका आयोजन किया जा रहा है ताकि छत्तीसगढ़ की स्थिति सुधर सके और अच्छा रैंक मिले।

### एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, श्रीकुमार मेनन, सुरेश चन्नावार, रितेश त्रिपाठी ने उठाई बात

# एमआईसी में उठा जमीन का मुद्दा, मच्छर और अमृत के अधूरे काम पर भी सवालों की बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांधी सदन में सोमवार को नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें 17 एजेंडों पर एमआईसी से चर्चा के बाद मुहर लगी। बैठक में अमलीडीह क्षेत्र में शासन प्रशासन की ओर से एक बिल्डर के ग्रुप को दी जा रही 9 एकड़ जमीन का मुद्दा जोर-शोर से उठा। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, सुरेश चन्नावार, रितेश त्रिपाठी ने निजी बिल्डर को 9 एकड़ जमीन देने का विरोध किया। एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार ने बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सवाल किया, जिस जमीन को अमलीडीह के रहवासियों की मांग पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा के कार्यकाल में स्कूल कालेज एवं खेल मैदान निर्माण के लिए प्रस्तावित किया गया, उसे दरकिनार कर यह जमीन बिल्डर को कैसे दी जा रही है?

एमआईसी की बैठक में अमलीडीह क्षेत्र की 9 एकड़ जमीन बिल्डर को आवंटित किए जाने को लेकर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार ने सवाल किया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र की ऐसी जमीन जो स्कूल, कालेज व खेल मैदान के लिए प्रस्तावित थी, उसे जनहित से जुड़े निर्माण कार्य को किनारे लगाकर निजी बिल्डर को कैसे दिया जा रहा है। क्या इसके लिए नगर निगम ने एनओसी दी है? सूत्रों के मुताबिक निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने सवाल के जवाब में कहा, जमीन आवंटन से जुड़े ऐसे किसी कार्य में नगर निगम की कोई भूमिका नहीं है, एनओसी हमारी तरफ से नहीं दी गई है।



### मच्छर उन्मूलन के पॉयलट प्रोजेक्ट पर उठा सवाल

मच्छर उन्मूलन के लिए नगर निगम द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत निजी एजेंसी को दिए गए ठेका को लेकर एमआईसी सदस्यों ने महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त के समक्ष सवाल उठाए। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव ने इस बात पर आपत्ति जताई कि बिना एमआईसी में प्रस्ताव लाए शहर के 70 वार्डो में मच्छर उन्मूलन का ठेका किस आधार पर दिया गया? पायलट प्रोजेक्ट का काम शहर के केवल कुछ वार्डो में ट्रायल बतौर सदस्यों से चर्चा के बाद होना था, पर ऐसा न करके 70 वार्ड में एक साथ यह प्रोजेक्ट कैसे लाया गया। मच्छर उन्मूलन के लिए निजी एजेंसी द्वारा कराए जा रहे एंटी लार्वा छिड़काव और फागिंग की गुणवत्ता से विभाग अध्यक्ष संतुष्ट नहीं दिखे। सूत्रों के मुताबिक सदस्यों के ऐतराज के बाद महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त ने अनुबंधित एजेंसी का ठेका रद्द करने की अनुशंसा की है।

### बैठक में ये रहे शामिल

बैठक में एमआईसी सदस्य नागभूषण राव, श्रीकुमार मेनन, अंजनि विभार, सतनाम पनाग, समीर अख्तर, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, आकाश तिवारी, द्रोपती पटेल, निगम सचिव विनोद पांडेय, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, कृष्णा खटिक सहित सभी जोन कमिश्नर और विभाग प्रभारी मौजूद रहे।

### इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

- तेलीबांधा तालाब में निर्मित 1.5 एमएलडी एसटीपी के अपग्रेडेशन 2 एमएलडी में करने और 10 वर्ष तक इसके रखरखाव व संचालन संधारण के लिए प्राप्त निविदा दर स्वीकृति
- 15वें वित्त आयोग के जल घटक अंतर्गत बघवा तालाब सौंदर्यीकरण और पहाड़ी तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों की पुष्टि
- निराश्रित पेंशन योजना के 185 पात्र एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 18 पात्र नए आवेदन की स्वीकृति
- पीएस सिटी कालोनी के पहुंच मार्ग के आसपास के निजी बसाहट क्षेत्र का नामकरण सैनिक नगर होगा
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय मुरलीधर राठौर के नाम से कैलाशपुरी ढाल हनुमान मंदिर से शीतला मंदिर होते हुए नीलकंठेश्वर मंदिर मार्ग का नामकरण किए जाने की अनुशंसा कर सामान्य सभा में रखने निर्देश

# आचार संहिता समाप्त होते ही जिले में 70 प्लस के सीनियर सिटीजन का कार्ड बनना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पांच लाख का निशुल्क इलाज का लाभ लेने वय वंदन कार्ड जरूरी



बिना राशनकार्ड के 70 साल से अधिक आयु वाले सीनियर सिटीजन को पांच लाख रुपए तक निशुल्क उपचार का लाभ मिलेगा। आचार संहिता समाप्त होते ही रायपुर जिले में इसकी शुरुआत कर दी गई है। रायपुर जिले के 80850 लोगों को नया कार्ड के लिए चिन्हित किया गया है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेल्थ और च्वाइस सेंटर में बनाया जाएगा।

अभी राशनकार्ड के आधार पर हितग्राहियों को पचास हजार एवं पांच लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। इस नई योजना के तहत 70 साल और उससे अधिक आयु वाले प्रत्येक नागरिक को पांच लाख रुपए तक की निशुल्क उपचार सुविधा आयुष्मान वय वंदना कार्ड से प्राप्त होगी। इस कार्ड को बनाने के लिए राशनकार्ड की आवश्यकता भी नहीं है। रायपुर जिले में इस पर काम शुरू कर दिया गया है। केवाईसी कराने पर बुजुर्गो का अलग आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जायेगा। इस कार्ड से वे किसी भी सरकारी व पंजीकृत निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का इलाज करा सकेंगे। 70 प्लस आयु वर्ग के लोग अपने आधार कार्ड से ऑन लाईन या अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या किसी च्वाइस सेन्टर पर पहुंचकर ऑनलाईन कार्ड बनवा सकेंगे।

नियम के मुताबिक पांच लाख तक के उपचार की सुविधा सिर्फ कार्डधारी सीनियर सिटीजन को प्राप्त होगा इसका लाभ परिवार वालों को नहीं मिल सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक इस आयुवर्ग के जो लोग निशक्त है उन्हें योजना का लाभ देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आने वाले दिनों में शिविर भी लगाया जाएगा।

# चैंबर भवन में आयकर कार्यशाला अग्रिम कर की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्य आयकर आयुक्त अर्पणा करण मुख्य अतिथि




छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स की ओर से सोमवार को राजधानी के बांबे मार्केट स्थित चैंबर के सभागार में आयकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को एडवांस टैक्स के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में आयकर नियमों में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम 2024 के बारे में बताया गया।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने संयुक्त रूप से बताया, व्यापारियों को आयकर नियमों में परिवर्तन से अवगत कराने एडवांस टैक्स के संबंध में विस्तार से जानकारी देने कार्यशाला का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण, विशिष्ट अतिथि- प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप एस. हेड़ाऊ, संयुक्त आयकर आयुक्त बीरेन्द्र कुमार एवं आयकर अधिकारी जितेन्द्र कुमार, राहुल पटेल, अमरेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने अपने उदबोधन में कहा कि व्यापारीगण बहुत ही जागरूक हैं एवं शासन के राजस्व को बढ़ाने में इनकी बहुत बड़ी भूमिका है। व्यापारी वर्ग छत्तीसगढ़ को देश का नंबर-1 राज्य के रूप में देखना चाहते हैं, तो आयकर का भुगतान पूरी ईमानदारी से करें, जिससे कि प्रदेश एवं देश का विकास हो। यदि आयकर संबंधी कोई भी समस्या हो या सुझाव हो, तो आयकर कार्यालय में लिखित में देकर अपनी शंका का समाधान कर सकते हैं। प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप हेड़ाऊ कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 7500 अपील लंबित हैं। पिछली स्कीम 2020 में इस स्कीम को अच्छा प्रतिसाद मिला था, इसलिए सभी इस स्कीम का लाभ उठायें। संयुक्त आयकर आयुक्त बीरेन्द्र कुमार जी ने विवाद एवं विश्वास 2024 स्कीम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिन करदाताओं की अपील 22 जुलाई 2024 से लंबित हैं वे इस स्कीम का फायदा ले सकते हैं, इस स्कीम में ब्याज एवं पेनाल्टी पूर्ण रूप से माफ है। इसमें सर्च से संबंधित अपील शामिल नहीं किये गये हैं। इसे 31 दिसम्बर 2024 तक फार्म-1 फाइल कर आनलाइन जमा किया जा सकता है। यह फार्म प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

## पेज 9 के शेष

### जनदर्शन में कलेक्टर ने ...

पेखम साहू ने घर के सामने हुए अतिक्रमण को हटाने के संबंध आवेदन दिया। ग्राम पंचायत रांका के सरपंच ने व्यावसायिक भवन का ताला खोलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम चोंगीखपरी निवासी श्रीराम सतनामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम तेन्दुवा निवासी संतोषी बाई साहू जो कि एक पैर से दिव्यांग है और उसके पति मुकेश कुमार साहू जो कि दोनो पैर से दिव्यांग है उन्होने अपने जीवन यापन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम जेवरी निवासी भगवंतीन बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन दिया। इसी तरह नाम परिवर्तन कराने के संबंध में, मुआवजा राशि दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।

### बच्चे बाहर खेलते ...

फटकार लगाते हुए अनिवार्य रूप से पढ़ाई कराने के कड़े निर्देश दिये। गलती को न दोहराने, शाला समयनुसार शिक्षकों की उपस्थिति, डेली डायरी, कक्षा समयानुसार कक्षा में उपस्थित होने, नियमानुसार अवकाश, परख सर्वेक्षण, अपार आई डी, उल्लास, जाति, निवास, जन्म प्रमाणपत्र, छात्रवृत्ति, रजिस्टर संधारण के कार्यो को तत्परता से समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### कलश यात्रा के साथ ..

ने बताया। कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा, कि कलश सुख समृद्धि का प्रतीक है। जो लोग कलश यात्रा में चलते हैं। सुख समृद्धि उनके साथ कभी नहीं छोड़ता। और परमात्मा के विशेष कृपा पात्र हो जाते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संयोजक अनिल सिंघानिया, फ़गेश , दऊवा कुंभकार , कुशल कुमार, मनीराम, मोती लाल, धनु कुंभकार, संतोष नामदेव, राजू, विनोद, शेखर सेन, बुधारू उपस्थित थे।

### लोगों ने किया ...

विश्वास है कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से अब उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर समृद्ध कुसमी का हमारा संकल्प भी जन सहयोग व सुझाव से जरुर पूरा होगा।

# वेतन विसंगति दूर कराने शिक्षकों ने किया पैदल मार्च

- 5 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल चले गुरुजी




शिक्षकों ने वेतन विसंगति दूर करने सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को पैदल मार्च किया। नवा रायपुर के इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक सहायक शिक्षकों ने पैदल चलकर शासन का ध्यान अपने लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया, जिसमें शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष शामिल हुए। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों ने पैदल मार्च किया। मोदी की गारंटी अब तक लागू नहीं किए जाने से नाराज शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश में भाजपा के घोषणापत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने और क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा किया गया है, पर सरकार ने अब तक अपना वादा पूरा नहीं किया। इससे प्रदेशभर के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन कर शिक्षक अपनी लंबित मांगों से प्रदेश के मुखिया, शिक्षा सचिव और वित्त सचिव को अवगत करा रहे हैं।

## प्रमुख मांगें

- सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाए।
- पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 गुणांक पर वेतन निर्धारण करने की मांग।
- पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर करने, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए।
- डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान-वेतनमान का विभागीय आदेश जारी किया जाए।
- शिक्षक और कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 1 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जाए तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खातों में किया जाए।

# बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 नेशनल फाइनल में विजेता

**भिलाई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से नेशनल रूरल आईटी क्विज का आयोजन 2 बैंगलुरु में किया गया, जिसमें देश के 10 राज्यों के क्षेत्रीय फाइनलिस्ट विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया था। आईटी क्विज में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए, भिलाई के बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर – 10 ने प्रतियोगिता में विजेता का ख़िताब हासिल कर 1 लाख रूपए की शिक्षा स्कॉलरशिप राशी जीता और शहर का नाम रौशन किया। 14 वर्षीय छात्र तनिष कुमार साहू को बेंगलुरु टेक समिट के दौरान आयोजित 25वें टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज के राष्ट्रीय चैंपियन बनकर उभरे हैं।कंप्यूटर साइंस के व्याख्याता श्री आशीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 9 वी के छात्र तनिष कुमार साहू विजेता बने। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर – 10 की प्रधानाचार्य सुमिता सरकार ने बताया, कि विद्यालय इस प्रतियोगिता में गत वर्ष भी विजेता बना था एवं इससे पूर्व भी एक बार विजेता एवं एक बार उपविजेता रहा चुका है।



## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री साव से मिले जिले के भाजपा नेता

**बालोद।** उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साहू के जन्मदिन पर जिले के भाजपा नेताओं ने उनके विधानसभा क्षेत्र लोरमी जाकर उनसे मुलाकात की और शुभकामनाएं दी। इस दौरान राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, महासमुंद के चंद्रहास चंद्राकर, बालोद जिला भाजपा महामंत्री चेमन देशमुख, शाहिद खान उपस्थित थे।

### मोगरी में शिक्षक बालकिशन ने दिया नेवता भोज



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोगरी में शिक्षक बालकिशन नेताम ने अपने जन्मदिवस पर नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक बीएस सोम, शिक्षक ओंकार पड़ोटी, व्याख्याता पीआर वटी, शिक्षिका तुलसी ठाकुर व प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका कमलेश्वरी बघेल उपस्थित थे।

### सब इंजीनियर कामिनी ने बच्चों को दिया न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में सब इंजीनियर जनपद पंचायत गुण्डरदेही कामिनी चन्द्राकर ने अपने जन्मदिन पर सोमवार को स्कूली बच्चों को नेवता भोज कराया।

### झोफरा स्कूल में प्रधानपाठिका प्रीति ने कराया न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में शिक्षक प्रीति मंडावी ने प्रधान पाठिका का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मंगलवार को स्कूल के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इसके तहत शाला में उपस्थित सभी 22 बच्चों को भोजन के रूप में खीर-पूड़ी खिलाई गई।

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 3.50 लाख की ठगी



**भिलाई।** लोगों को पार्ट टाईम नौकरी का लालच देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक झारखंड का रहने वाला है। वह ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया।

---

**आयोजन**

**जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने किया आग्रह**

# अपने मौलिक कर्तव्यों व देश के कानून का पालन करने का प्रण लें : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- संविधान दिवस पर जिला न्यायालय परिसर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जिला न्यायालय परिसर में संविधान दिवस पर जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की मौजूदगी में राष्ट्रीय संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारंभ राष्ट्रगान से किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा प्रस्तावना का वाचन किया गया।

इस दौरान श्री शास्त्री ने जिले के अधिवक्तागण द्वारा किये जा रहे निष्ठापूर्वक, अथक ईमानदारी से विधिव्यवसाय के ज्ञान और समर्पण को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया जिसके तहत विधि के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहें वरिष्ठ अधिवक्तागण का सम्मान पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल भेंट कर किया गया। साथ ही अध्यक्ष द्वारा पैरालिगल वालिंटियर्स जो जमीनी स्तर से जुड़ कर नालसा एवं सालसा द्वारा चलायी जा रही स्कीमों एवं योजनाओं को दूरस्थ इलाकों में समाज से पिछड़े, विधिक जानकारी से अनभिज्ञ विभिन्न वर्गों के पीड़ितों, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंच कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से न्याय प्राप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें भी प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि इस संविधान दिवस पर हमें जीवन भर अपने मौलिक कर्तव्यों और देश का कानून का पालन करने का प्रण लेना चाहिए। देश अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनने से ना सिर्फ संविधान का मकसद पूरा होगा, बल्कि संविधान निर्माताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगा, संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवम्बर 1949 को पूरा हुआ। इसके बाद 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू किया गया। कार्यक्रम में नीलिमा सिंह बघेल न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रणीश चौबे, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



### रैली निकाल कानून के प्रति किया गया जागरूक

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा विधिक जागरूकता, विधिक सहायता शिविर एवं चलायें जा रहे पैरालीगल नॉलिंटियर्स द्वारा शास. पूर्व मा. शाला ढोलिया, शास. हाई स्कूल लोलेसरा एवं तालुका स्तर पर छत्रपति शिवाजी शास. उच्च माध्य. शाला घोटवानी में भी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर एवं विधिक जागरूकता रैली निकाल कर कानून के प्रति जागरूक किया गया । अवसर पर प्रथम न्यूज लेटर का विमोचन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, लीगल डिफेंस कौसिल सिस्टम, मीडिया प्रभारी, न्यायिक कर्मचारी एवं पैरालीगल वॉलिटियर्स का अभार व्यक्त किया।

## सिर्फ एक नारे के लिए 24 महीने जेल में रखा गया : डॉ निर्वाणी




**बेमेतरा।** लोकतंत्र सेनानी संघ, वह संगठन जिनके लोगों को, इंदिरा गाँधी द्वारा लगाए गए इमर्जेंसी के विरोध में कारावास में अनिश्चित काल के लिए डाल दिया गया था। देश की राजधानी में जंतर मन्तर में हुए संविधान दिवस के अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों ने जंतर मन्तर से कांग्रेस और इंदिरा गाँधी को कोसते हुए पूछा कि कांग्रेस का लोकतंत्र पर भरोसा नहीं। यही कारण है कि सन 1975 में देश के पत्रकारों, वकीलों और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों को जबरिया कारवास में डाल दिया गया। बेमेतरा में लोकतंत्र सेनानी हृदय नारायण निर्वाणी के पुत्र डॉ सौरभ निर्वाणी ने बतौर प्रतिनिधि हिस्सा लिया।

## रानो स्कूल में शिक्षकों व छात्रों ने ली संविधान की शपथ




**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें संकुल केंद्र रानो के संकुल समन्वयक एवं संस्था के शिक्षक सरोज कुमार यदु ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के बारे में बच्चों को बताया गया। संस्था की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस दिन हमारे देश के 18 जवान शहीद हुए थे। 164 नागरिक उस हमले के शिकार हो गए थे। आज उनकी शहादत को पूरे 16 साल हो गए।

उन सभी शहीदों को याद किया गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अवध राम वर्मा, शिक्षिका कनकलता सरसुधे, मितानिन ओमबती साहू, पंच सरोज पाटिल एवं पंचायत सचिव भोलाराम वर्मा एवं समस्त बच्चे उपस्थित थे।

## बच्चों को मुख स्वच्छता के संबंध में दी गई जानकारी

**नवागढ़।** मंगलवार को स्वामी विवेकानंद विद्यालय नवागढ़ में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ से बीएमओ डॉ एमएम रज़ा, डॉ प्रकाश रात्रे दंत चिकित्सक, उमेंद्र टंडन, प्राचार्य, शिक्षक गण आदि की उपस्थिति में मुख स्वास्थ जागरूकता के प्रेरित किया गया। चिकित्सकों ने बच्चों को मुख स्वास्थ्य के लिए टूथ ब्रश का चयन एवं उपयोग की सलाह दी। बच्चों को टँग क्लीनर या जीभी से टँग की सफाई नियमित रूप से करने की सलाह दी गई। बच्चों को प्रातः एवं रात्रि दो बार नियमित मुख की सफ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को तंबाकू एवं मादक पदार्थों से मुख में ओरल कैंसर बीमारी के बारे में भी जानकारी दी गई। नशीली पदार्थों का सेवन नहीं करने के लिए समझाया गया। बच्चों को नशा मुक्ति, तबाकू नियंत्रण कानून के बारे में भी बताया गया।



## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने संविधान दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




**बेमेतरा।** समाधान महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व, इतिहास व मुख्य प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को संविधान के प्रति जागरूक रहने और इसके प्रावधानों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस अधिकारी राजेश गजपाल ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि संविधान हमारे देश का मूलभूत कानून है, जो हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।संविधान हमें समानता, न्याय, और स्वतंत्रता के अधिकार प्रदान करता हैं तथा बताता है कि हमें इन अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत एवं समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जी.डी. मानिकपुरी, निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, राजेश यादव, राजेंद्र वर्मा, नंदनी वर्मा, पूजा सिन्हा, रानी साहू, पूजा वर्मा,शुभम गजभिये, प्रणय सिंह राजपूत, गायत्री राजपूत, पूर्ति अग्रवाल, होरीलाल देवांगन, कमलेश साहू ,जोगेंद्र साहू व धर्मपाल नोन्हारे सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है : गोपी



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में संविधान दिवस मनाया गया। बच्चों को संविधान की प्रस्तावना को सीमा रानी देवांगन ने पढ़ कर बच्चों को सुनाया।

उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान बनकर पूर्ण हुआ था, इसीलिए भारत में प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संस्था प्रमुख गोपी चरण साहू ने बच्चों को बताया कि हमारा संविधान 2 वर्ष, 11 माह एवं 18 दिनों में बना भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। जिसके मूल स्वरूप में 395 अनुच्छेद थे। भारतीय संविधान के प्रस्तावना को उसकी आत्मा कहा जाता है, जिसका आरंभ ही 'हम भारत के लोग' से होता है। मूल संविधान की प्रति में प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण एवं वैदिक आश्रमों का सुंदर चित्रण किया गया है, जो प्राचीन भारत की महान लोकतांत्रिक परंपरा को भी प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर रेखा बाई जमुना ठाकुर पुन्नी लाल ठाकुर सहित शाला के बच्चे उपस्थित रहे।

## लालपुर स्कूल में संविधान की प्रस्तावना का कराया गया वाचन




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में प्यारे बच्चों एवं स्कूल स्टाफ मिलकर संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संविधान के संबंध में भाषण, गीत, कविता, कहानी, चुटकुला की प्रस्तुति दी। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने भारत का संविधान उद्देशिका प्रस्तावना का वाचन करवाया। संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुर्रे ने संविधान द्वारा प्रदत्त समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध, धर्म संस्कृति एवं शिक्षा की स्वतंत्रता का अधिकार, संपत्ति तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकारों पर चर्चा की। प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर माध्यमिक शाला प्रधान पाठक रामायण मनहरे, शिक्षक सतीश कुर्रे सीएससी मुरता मोतीराम पात्रे, घनश्याम साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक शान्त कुमार पटेल व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सिंघौरी स्कूल के बच्चों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**बेमेतरा।** हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सिंघौरी में प्रार्थना स्थल पर देश की संविधान के प्रस्तावना का सामुहिक वाचन कराया गया। इस दौरान शाला में रामगोपाल चन्द्राकर प्राचार्य, मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक, शशिकला यादव प्रधान पाठक, संतोष राजपूत, सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, नुतेश्वर चंद्राकर, राजेश गायकवाड़, राजेश नामदेव, प्रशांत बघेल, किरण खरे, अमरीका पांडेय तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## अधिकारी-कर्मचारियों ने ली बाल विवाह मुक्त बेमेतरा की शपथ



**बेमेतरा।** कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में बाल विवाह मुक्त बेमेतरा अभियान के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बाल विवाह की कुरीतियों और इसके नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए इसे जड़ से समाप्त करने के लिए जनभागीदारी और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इस अभियान को प्रभावी रूप से लागू करें। शपथ के दौरान उपस्थित सभी ने बाल विवाह रोकने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह के उन्मूलन से बच्चों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित जिले के सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

---

**गायत्री परिवार ने की नशा मुक्त नवागढ़ की पहल**

# प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया नशामुक्ति का सन्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

- गुरुकुल विद्यालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

गायत्री परिवार द्वारा नगर में चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत मोहिनी साहू,बलराम साहू और बलराम निर्मलकर द्वारा सुकुल पारा स्थित गुरुकुल विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। वीडियो देखकर बच्चों ने नशा से दूर रहने का संकल्प लिया। विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने बताया कि उक्त चलचित्र में संदेश दिया गया है कि नशे से व्यक्ति के शरीर ,समाज ,परिवार और राष्ट्र का क्या नुकसान होता है। कोई भी एक बच्चा या व्यक्ति नशा करता है तो इससे राष्ट्र के एक व्यक्ति की क्षति होती है। जो कि निश्चित ही परिवार समाज राज्य और राष्ट्र के लिए विनाशकारी होता है। नशा से अपराध अनवरत बढ़ता है। और नशे से ग्रसित व्यक्ति का स्वयं के शरीर के साथ पूरा परिवार तबाह हो जाता है ।शांतिकुंज द्वारा चलाए गए यह प्रयास निश्चित ही अनुकरणीय और प्रशंसनीय है।



गायत्री परिवार की मोहिनी साहू, बलराम साहू और बलराम निर्मलकर का मेघा दीवान, पुरुषोत्तम साहू और राजतिलक चतुर्वेदी द्वारा तिरंगे के बीच और सैनिक प्रार्थना के द्वारा सम्मान किया गया। मोहिनी साहू द्वारा बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया उन्होंने बताया कि नशे से शरीर,परिवार,समाज और राष्ट्र को बहुत नुकसान हो रहा है।

आज का युवा सबसे ज्यादा नशे के ओर बढ़ रहा है। मोहिनी साहू ने बताया कि नशे से अपराध बढ़ता है, परिवार बर्बाद हो रहा है। दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण नशा ही है। उन्होंने बताया कि नशे से हर दृष्टिकोण से बर्बादी ही होता है। बीच बीच में गाना गाकर उन्होंने नशे से बचने की अपील किया। उनके साथ बलराम भाई डफली के साथ संगत कर बच्चों को नशे से बचे रहने का संदेश दिया।

